श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ 3/27/शै./पीएच.डी.//2019-20/2514 दिनांक: 01.10.2020

कार्यालय-सूचना

शैक्षणिक सत्र 2019-20 में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम-2016 में उल्लेख प्रावधानों के अनुसार विद्यावारिधि (पीएच.डी.) पाठ्यक्रम के छः मासिक सत्रीय पाठ्यक्रम परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के स्थायी पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार की जाऐगी:-

01.	**विभागों में विभागीय शोधप्रारूपसमर्पण की अन्तिम तिथि**	12.10.2020
02.	**विभागीय शोध समिति द्वारा शोध शीर्षक प्रारूपों एवं शोध संक्षिप्तिकाओं की समीक्षा उपरान्त शैक्षणिक विभाग में प्रेषित करने की अन्तिम तिथि**	22.10.2020

उपरोक्त समय सारणी के अनुसार समस्त विभागों द्वारा विभागीय शोध समिति की बैठक सम्पन्न करवाकर शोध शीर्षक एवं शोध निर्देशकों की घोषणा तथा विभागीय शोध समिति द्वारा शोध शीर्षक प्रारूपों एवं शोध संक्षिप्तिकाओं की समीक्षा उपरान्त शैक्षणिक विभाग में दिनांक 22.10.2020 तक आवश्यक रूप से प्रेषित की जायेगी। विभागीय शोध समिति की बैठक का कार्यवृत्त स्वीकृति हेतु शोधमण्डल की बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

अभ्यर्थी जिस विषय में शोध करना चाहता है, उस विषय के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर अपने विषय का चयन तथा रूपरेखा आदि का निर्माण शैक्षणिक नियम-परिचायिका में निर्धारित निर्देशों के अनुसार करेंगे । अत: अभ्यर्थी मार्गनिर्देशन एवं विषय निर्धारण के लिए सम्बद्ध विषय के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क करेंगे । शोध मण्डल के विचारार्थ प्रस्तुत की जाने वाली शोध संक्षिप्तिका/प्रपत्र में शोधार्थी और शोधनिर्देशक के हस्ताक्षर, विभागाध्यक्ष की संस्तुति एवं संकायाध्यक्ष के प्रति-हस्ताक्षर होने चाहिए। शोध संक्षिप्तिका में विभागाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रस्तावित शोधनिर्देशक की संस्तुति हो। शोध छात्र को अपनी शोध संक्षिप्तिका की सॉफ्ट तथा हार्ड कॉपी जिसमें अनुसन्धान के अध्ययन का अभिप्राय हो और स्पष्ट रूप से यह प्रतिपादित हो कि प्रस्तुत शोध-संक्षिप्तिका में शोध कर्त्ता का मौलिक योगदान होगा अज्ञात सामग्री को प्रकाशित किया जायेगा अथवा पहले से ज्ञात तथ्यों की नवीन व्याख्या की जायेगी। अनुसन्धान विषय की संक्षिप्तिका में प्रस्तावित शोध-योजना,अध्यायीकरण, प्रत्येक अध्याय में विश्लेषित किये जाने वाले सम्भावित विषय, उपकरण पद्धति, अनुमान, समीक्षात्मक निष्कर्ष आदि का प्रतिपादन और इसके साथ ही सन्दर्भ ग्रन्थ सूची भी अपेक्षित है।

उपरोक्त के संबंध में समस्त विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि वह अपने-अपने विभाग की विभागीय शोध समिति की आनलाईन माध्यम से बैठक आयोजित करवाकर बैठक का कार्यवृत्त शीघ्र

अतिशीघ्र शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि नियमानुसार शोधमण्डल की कार्यसूची का कार्यवृत्त निर्धारित समय में तैयार किया जा सके।

<u>संलग्नक-विभाग के अनुसार छात्रों की सूची।</u>

/

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

01. समस्त संकाय प्रमुख
02. समस्त विभागाध्यक्ष
03. उपकुलसचिव (परीक्षा/शैक्षणिक)
04. सिस्टम एडमिनिस्ट्रट को इस आशय से प्रेषित कि वे सूचना को वेबसाईट पर अंकित करने तथा डी.आर. सी. की बैठक आनलाईन माध्यम से सम्पन्न कराने हेतु विभागों को तकनिकी सुविधा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
05. कुलपति के निजी सचिव
06. सम्बन्धित शोध छात्र (शैक्षणिक-सत्र 2019-20)
07. कार्यालय आदेश पंजिका

सहाकय कुलसचिव (शैक्षणिक)